लोक सभा अध्यक्ष ने गुरूनानक जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं ।

नई दिल्ली, 5 नवम्बर, 2014 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने गुरूनानक जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहा है:-

"विश्वभर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ गुरू पर्व के रूप में मनाई जाने वाली गुरूनानक जयंती के शुभ अवसर पर मैं देशवासियों को बधाई देती हूं । गुरू जी ने अपना पूरा जीवन सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करने और लोगों को अंधविश्वासों और पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करने में अर्पित कर दिया । सभी के प्रति स्नेह के दिव्य संदेश से प्रेरित होकर उनके अनुयायी आज भी उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं तथा भाईचारे, करुणा और सद्भाव के मूल्यों में विश्वास करते हैं । आइए, आज के दिन हम गुरू जी का स्मरण करते हुए उनकी शिक्षाओं का पालन करने और सदाचारपूर्ण जीवन जीने का प्रण लें ।"